Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 07-05-2023 | अंक 561

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बरही पुलिस ने छापेमारी कर अपहृत पीड़िता को किया बरामद, युवक को भेजा जेल

**अपेम लाइव : बरही**

बरही पुलिस ने बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करसो निवासी राहुल भुइयां को लड़की अपहरण के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि अपहृत युवती की मां के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। काण्ड संख्या 206/23 अनुसंधान के दौरान वरीय पदाधिकारी के निर्देशण एवं पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए गठित टीम के द्वारा छापामारी करते हुए उक्त काण्ड के अपहृता पीड़िता को बरामद किया गया तथा उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में अग्रसारित किया गया।

### एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**अपेम लाइव : लातेहार**

बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्राम मोरवई कला पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वयंसेवी संस्था सेसा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन मोरवई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यपालक निदेशक डॉक्टर जसवीर बग्गा ने किया। शिविर में ग्राम मोरवई, बढनिया, सैयदुप एवं केतारकला के ग्रामीणों का इलाज किया गया। शिविर में डॉक्टर संतोष सुमन, डॉक्टर सोनल मिश्रा एवं डॉक्टर आकृति ने लगभग 155 मरिजों का इलाज किया। शिविर में निःशुल्क जांच एवं दवा की भी व्यवस्था किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में अजय कुमार, ज्योति टोप्पो , शशांक शेखर पांडेय, शशि भूषण , सुभाष कुमार, निरल टोप्पो , कृष्णा राम, अख्तर, धर्मेंद्र, सृष्टि आदि का विशेष सहयोग रहा।

### उपप्रमुख बचनदेव कुमार के भाई की शादी समारोह में जनप्रतिनिधि हुए शामिल



**अपेम लाइवः बडकागॉव**

बड़कागांव प्रखंड के उप प्रमुख कांडतरी गांव निवासी बच्चनदेव कुमार के भाई की शादी की रिशेप्शन पार्टी में विधायक अंबा प्रसाद , थाना प्रभारी विनोद तिर्की ,आजसू नेता रोशन लाल चौधरी समेत कई समा. जसेवी व जनप्रतिनिधि पहुंचे एंव नवदंपति को सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। मौके पर बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, कर्णपुरा कुशवाहा समाज के अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, डॉ बालेश्वर महतो, कीर्ति नाथ महतो, पंसस रितेश ठाकुर, पुर्व पंसस उपेन्द्र प्रसाद, मुखिया पारसनाथ प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि अजीत कुमार, समाजसेवी दिनेश सिन्हा,आजसू के केन्द्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस, बालेश्वर प्रसाद,फूलचंद राम, इत्यादि अन्य लोग मौजूद थे।

## कैदी की मौत का मामला : परिजन अड़े, पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : डायन बिसाही के आरोप में जेल में बंद विचाराधीन कैदी संधू मुंडा की संदेहास्पद स्थिति में मौत का मामला पूरी तरह से गर्मा गया है। इस मामले को लेकर लातेहार मंडल कारा के जेल सुप. रीटेंडेंट के आवेदन के आधार पर 5 जेल कर्मियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई। कल रात मेडिकल बोर्ड के द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम किया गया और उसके बाद मृतक के परिजनों को संधु मुंडा का शव को सौंप दिया गया।परंतु मृतक के परिजन रविवार को इस बात पर अड़ गए कि जब तक इस घटना में प्राथमिकी की क०पी उपलब्ध नहीं कराई जाएगी, तब तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।इस पूरे मामले में परिजनों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी उदासीनता बरतने का आरोप लगा रहे हैं।

**क्या है मामला :** डायन बिसाही के आरोप में दोहरे हत्याकांड की घटना में आरोपी संधू मुंडा मंडल कारा में कैद था।शनिवार को सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।घटना के बाद चिकित्सकों ने कहा था कि कैदी की मौत मिर्गी दौरा पड़ने से हुई है।परंतु जब परिजन अस्पताल पहुंचकर मृतक के शव को देखा तो उसके शरीर पर कई जख्म के निशान बने हुए थे।इसके बाद मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि कैदी की पीटकर हत्या की गई है।बाद में पुलिस ने जेल अधीक्षक के आवेदन के आधार पर जेल के कक्षपाल शंकर मुंडा, चंद्रशेखर, दीप नारायण विश्वकर्मा, प्रदीप प्रजापति तथा मनोहर बारला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पूरे मामले की छानबीन भी शुरू कर दी है।



तीन डॉक्टरों की बनाई गई मेडिकल टीम परिजनों के आरोप के बीच मृतक के पोस्टमार्टम के लिए तीन डॉक्टरों की मेडिकल टीम बनाई गई।कार्यपालक दंडाधिकारी की उपस्थिति में वीडियो रिक०र्डिंग के बीच शनिवार की रात मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। उसके बाद एंबुलेंस के माध्यम से मृतक के शव को उसके गांव हेसला भेज दिया गया।मृतक के परिजनों को आश्वस्त किया गया कि मामले की उच्चस्तरीय जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई भी होगी। प्राथमिकी की क०पी लेने पर अड़े ग्रामीण इधर मृतक के परिजन तथा अन्य ग्रामीण इस बात पर अड़े हैं कि जब तक दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कर प्राथमिकी की कॉपी उन्हें नहीं दी जाएगी ,तब तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।हालांकि पुलिस के द्वारा परिजनों को बताया गया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।परंतु परिजन इस बात पर अड़े हैं कि एफआईआर की कॉपी उन्हें उपलब्ध कराई जाए।परिजनों का आरोप है कि प्रशासन पूरे मामले में लीपापोती करने का प्रयास कर रही है। मामला गंभीर, हो रही है जांच : एसपी इधर एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि यह मामला काफी गंभीर है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एसपी ने कहा कि जांच के बाद घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे उन पर निश्चित रूप से कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। जिला प्रशासन गंभीर, नियम के अनुसार होगी कार्रवाई : डीसी इधर इस संबंध में लातेहार उपायुक्त ने कहा कि इस मामले को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर है।उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी सरकारी नियम है, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## परिजनों के आवेदन पर दोबारा होगा पत्थर खदान से बरामद शव का पोस्टमार्टम

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : लातेहार जिला के बारियातू थाना क्षेत्र अन्तर्गत साल्वे गांव का निवासी अजय गंझू की की एक बार फिर पोस्टर्माटम किया जायेगा ।परिजनों के आवेदन कहा है कि मृतक के शरीर पर कई स्थानों पर जलने के निशान है और इसकी हत्या की गई है। परिजनों के आवेदन के आधार पर रविवार को बारियातू थाना में मामला दर्ज कर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा गया । ज्ञात हो कि साल्वे गांव निवासी अजय गंझू का शव गांव से थोड़ी दूर पर स्थित एक पत्थर खदान में बरामद हुआ था।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर ऊंचाई से गिरने से मौत का मामला दर्ज करते हुए इसे पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया था।शनिवार को पोस्टमार्टम करने के बाद उसके शव को परिजनों को सौंपा गया।जिसके बाद परिजनों ने देखा कि मृतक के शरीर



पर कई स्थानों पर जलने के निशान हैं।इस मामले को लेकर मृतकों ने बारियातू थाना में एक आवेदन दिया और इसे हत्या का मामला बताया। परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक प्रकाश राम घटना की सूचना मिलने के बाद पूर्व विधायक प्रकाश राम मृतक के घर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी प्राप्त की।इस दौरान उन्होंने लातेहार सिविल सर्जन से बात कर पोस्टमार्टम के बाद बेसरा सुरक्षित रखने की जानकारी भी प्राप्त की।इस पर विभाग ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मृतक के बेसरा को नहीं रखा गया है।इस पर पूर्व विधायक ने मांग की है कि मृतक के बेसरा की फ०रेंसिक जांच होनी चाहिए, ताकि मौत का मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो सके।इसके लिए प्रकाश राम ने पुलिस के अधिकारियों से भी बातचीत की।बाद पुलिस की अनुशंसा से शव का फिर से पोस्टमार्टम कराए जाने का निर्णय लिया गया।बताते चलें कि शनिवार को अजय का शव गांव के पास ही स्थित एक पत्थर खदान में बरामद हुआ था।परिजनों का कहना था कि अजय शुक्रवार की रात घर में ही था, परंतु शनिवार की सुबह अचानक वह घर से गायब पाया गया। काफी खोजबीन के बाद शनिवार को उसका शव पत्थर खदान में बरामद हुआ था। पुलिस ने इसे प्रथम दृष्टया ऊंचाई से गिरने के कारण मौत माना था और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई आरंभ की गई थी। परंतु जब परिजनों ने मृतक के शरीर में जले का निशान देखा तो इसे हत्या करार दिया और थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

**प्रशासन करे निष्पक्ष जांचः**

राम पूर्व विधायक प्रकाश राम ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए।उन्होंने कहा कि अजय की मौत कैसे हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी प्राप्त करने के लिए बेहतर ढंग से पोस्टमार्टम अति आवश्यक है।इसलिए बेसरा की फ०रेंसिक जांच की भी आवश्यकता होगी।उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच हो ताकि मृतक के परिजनों को इंसाफ मिल सके।लातेहार सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस की अनुशंसा के आधार पर मृतक अजय का दोबारा पोस्टमार्टम किया जाएगा।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## नवदम्पति की मौत इलाके में फैली सनसनी





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा थाना क्षेत्र के ग्राम बरवां में बीते रात एक नव दम्पति 25 वर्षीय राजकुमार यादव पिता हिरामन यादव व 20 वर्षीय पूजा देवी पति राजकुमार यादव की मौत हो गयी घटना के विषय पर बताया जा रहा है कि पति पत्नी शनिवार रात्रि को छत पर खाना खाकर कमरें में सोने के लिए गए लेकिन सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नही खुलने पर परिजनों ने खिड़की से देखा की पति राजकुमार यादव पंखे से लटका हुआ है दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर देखा कि पत्नी पूजा देवी भी बेड पर मृत पड़ी हुई है मृतिका के गले मे साड़ी का फंदा बना हुआ है ज्ञात हो दोनों की शादी इसी वर्ष फरवरी में हुई थी लड़का मुंबई में काम करता था वही घटना के सुनने के बाद गांववाले आश्चर्यचकित हो गए वही मामले की जानकारी के बाद विधायक अमित यादव व पूर्व विधायक जानकी यादव ने मृतकों के परिजनों को सांत्वना व्यक्त किये घटना की चर्चा के बाद पूरे बरकट्ठा व चलकुशा प्रखण्ड में गम का माहौल हो गया है । दूसरी ओर पुलिस दोनों लाशों को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज भेज दिया है ।पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है वही इस मामले में मौत के कारणों का पता नही चल सका है ।

## झारखंड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच की बैठक, रोहित हत्याकांड के कारणों पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बैठक में शामिल बुद्धिजीवी मंच के लोग

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच की बैठक मंच कार्यालय बरही में हुई। अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह एवं संचालन सचिव महेंद्र प्रसाद दूबे ने किया। बैठक में विगत तीन मई को हुए रोहित हत्याकांड के संबंध में चर्चा किया गया। बताया गया की रोहित हत्याकांड का मूल वजह डायन बिसाही है। इस संबंध में मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह ने कहा की देश विकास की ओर अग्रसर है। लेकिन आज भी गांव में अंधविश्वास का बोलबाला है। अंधविश्वास के कारण लोग एक दूसरे के दुश्मन बन बैठे हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है। महेंद्र दूबे ने कहा की आम लोगों को जानना यह जरूरी है की डायन बिसाही जैसी कोई बात नही होती हैं । लोग डायन बिसाही के चक्कर में अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। इससे बचने को जरूरत है। लोग ओझा गुणी के चंगुल में फंसने से बचे। जिला सम्मेलन को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर ईशो सिंह, महेंद्र प्रसाद दुबे, लक्ष्मण प्रसाद, कामता प्रसाद सिंह, अनमोल राणा, रामचंद्र पांडेय, जानकी ठाकुर, रामनाथ प्रसाद, रामप्रसाद राम, कैलाशपति सिंह, श्रीकांत पांडेय, सरयू राम, नेमधारी राम, बी सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## करियातपुर में संतोषी माता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर उमड़ रही भक्तों की भीड़

### यज्ञ मंडप की परिक्रिमा मात्र से रोग नाश होता है, सुख समृद्धि की होती है वृद्धि : अशोक पांडेय





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अन्तर्गत करियातपुर में आयोजित पांच दिवसीय माता संतोषी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ रही है। संतोषी मंदिर का निर्माण सहदेव प्रजापति एवम उनकी पत्नी उर्मिला प्रजापति द्वारा किया गया है। बतौर मुख्य यजमान सहदेव प्रजापति एवं उर्मिला प्रजापति के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया जा रहा है। शनिवार को कलश यात्रा एवं कलश स्थापना से शुरू हुआ इस महायज्ञ में प्रतिदिन श्रद्धालू यज्ञ मंडप पहुंच कर यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। महायज्ञ के सभी विधि विधान यज्ञाचार्य चंदन शास्त्री ,पुरोहित अशोक पांडे , दीपक शास्त्री प्रकाश पांडेय , उपेंद्र पांडेय के द्वारा किया जा रहा है। पुरोहित अशोक पांडेय ने कहा की यज्ञ मंडप की परिक्रमा से विभिन्न तरह के रोग नाश व बाधा से मुक्ति मिलती है ।महायज्ञ की कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अयोजन समिति के संतोष कुमार प्रजापति ने बताया कि 8 मई को रात्रि 9:00 बजे से माता का जागरण, 9 मई को शाम 4:00 बजे ग्राम भ्रमण एवं रात्रि में माता का प्राण प्रतिष्ठा एंव 10 तारीख को हवन, विसर्जन एवं भंडारा के साथ संपन्न किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष कुमार प्रजापति , सुरेंद्र प्रजापति,राहुल कुमार प्रजापति, राजेश कुमार प्रजापति महेश प्रजापति, छोटी पंडित, दीपक कुमार प्रजापति, उदित पंडित,अर्जुन पंडित, सुनील कुमार पंडित,प्रवीण कुमार प्रजापति, सोनू कुमार प्रजापति, रोहित कुमार प्रजापति ,निखिल कुमार प्रजापति, एवं गांव के कई लोग शामिल हैं

## बिजली विभाग के मनमानी के कारण 20 दिनों से 65 परिवार रह रहे हैं अंधेरे में

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के परहाटोली पंचायत के ग्राम शाहपुर व उदालखाड़ लगभग 65 परिवार बिजली विभाग के मनमानी से 20 दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर है। 20 दिन पहले सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को अज्ञात वाहन द्वारा धक्के मार कर गिरा दिया गया था। जिसे कारण ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण कार्य बाधित कर दिया गया था। ज्ञात हो कि कुडो मोड़ से लेकर बांसकरचा मोड़ तक करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। जहाँ कंपनी द्वारा सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को हटा कर दूसरे जगह लगाने का काम किया जा रहा है। इस क्रम में बिजली के जेई सह एसडीओ दुर्गा सिंह द्वारा कंपनी से खंभे हटाने के नाम पर अब तक एक लाख की वसूली कर चुके हैं । वही ग्राम शाहपुर सड़क के आरपार तार जोड़ने के नाम पर कंपनी से 40 हजार की मांग की है वही पैसे नहीं देने पर मुखिया द्वारा लिखित आवेदन मांग कर कंपनी पर केश करने की धमकी दी जाती है । बिजली के इस रवैये से बार बार ग्राम द्वारा सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर दिया जाता है। इस संबंध में परहाटोली पंचायत की मुखिया रीता खलखो ने बताया की बार बार बिजली विभाग के जेई द्वारा कंपनी के खिलाफ लिखित आवेदन मांग जा रहा कि सड़क निर्माण से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही। जबकि हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। बिजली विभाग के जेई लगातार 20 दिनों से महुआडांड़ क्षेत्र में नहीं है । जिसे प्रखंड वासियों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिल रही है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## डोका टाँड़ में श्री श्री 1008 श्री गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ कलश यात्रा आज

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नापोखुर्द पंचायत के डोकाटांड में आज 8 मई से 16 मई तक आयोजित श्री श्री 1008 श्री गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर 8 मई दिन सोमवार को सुबह 5रू00 कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा,जिसमें लगभग 1100 श्रद्धालु ,महिला पुरुष भाग लेंगे । इस कलश यात्रा को सफल बनाने को लेकर महायज्ञ समिति के संयोजक शिव शंकर कुमार साव, अध्यक्ष हरी साव, कोषाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, सचिव राजकुमार साव, उपसचिव शंभू नाथ साहू, दशरथ साव, कारू साव , उपाध्यक्ष बोधन साव, बिंदु साव, संरक्षक कन्हाई साव, उपकोषाध्यक्ष दीपक साव, जीबलाल साव, ढलन साव,बसंत कुमार ठाकुर, सोहर राणा, जनक भुइयां,अर्जुन साव,अजीत साव, सुजीत कुमार, केदार साव ,बिहारी साव, सुखदेव कुमार, गिरधारी साहू, बबलू कुमार, जयनंदन साव,राजेंद्र साव,विजय कुमार,प्रदीप साव,हीरामन साव,उमेश साहू, सुशीला देवी, मीना देवी, चिंता देवी ,मंजू देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, पार्वती देवी, सीता देवी,देवंती देवी, दुलारचंद कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, गंगाधर कुमार, निर्मल साव, इत्यादि ग्रामिण व श्रद्धालुओं का योगदान रहेगा।

## हजारीबाग शहर में पुराने चोरों को दबोच लिया कोर्रा पुलिस देखें क्या हुआ चोरों का हाल

**अपेम लाइवः हजारीबाग**




हजारीबाग के कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोचन पथ में एक घर में चोरी एवं जबरा रोड के एक घर से नए स्कूटी की चोरी घटना के विरुद्ध कोर्रा थाना कांड संख्या 95/23 एवं 96/23 दर्ज किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी के नेतृत्व में कोर्रा पुलिस की टिम गठन के द्वारा जबरा शमशान घाट के समीप छापामारी करने के दौरान दो व्यक्तियों को स्कूटी सहित पकड़ा गया। जिसमें पुलिस के द्वारा पूछे जाने पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र एवं कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाल में चोरी की गई दोनों स्कूटी जांच में पाई गई। जबरा रोड नूतन नगर में बंद घरों में चोरी एवं लोचन पथ में चोरी का अंजाम देने वाले दोनों व्यक्तियों ने स्वीकार किया उनका नाम नियाजूल हसन पिता जावेद आलम, माटवारी मस्जिद तथा दूसरा अभियुक्त अमित अंसारी पिता शकील अंसारी माटवारी तलाव दोनों कोर्रा थाना जिला हजारीबाग क्षेत्र से हैं। इसके अलावा दोनो ने शहर के विभिन्न इलाकों में चोरी से जुड़े मामला को कबूल किया। इन दोनों को चोरी का मामले में एक लंबा इतिहास है। जो मुफस्सिल, सदर कोर्रा, एवं आदित्यपुर थाना में चोरी के कई मामले दर्ज है। इन लोगों ने कहा चोरी के घटना का अंजाम देने के लिए हम लोगों के साथ और लोग सम्मिलित है। इन लोगों को पीछे कौन हैं। यह पुलिस जांच कर रही है और इन दोनों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में कोर्रा पुलिस की बड़ी सफलता मिली।




## चौपारण में मनाया जायेगा श्री जगन्नाथ रथयात्रा महामहोत्सव

### इस्कान मायापूर से विदेशी भक्त भी होंगे शामिल

### सियरकोनी जगरनाथ धाम से निकलेगी रथयात्रा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



सियरकोनी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से हर साल भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन होगा। इसमें बीस हजार से अधिक श्रद्धालु जुटेंगे। इस्कान के मुख्यालय मायापूर से इससे जुडे कई वरिष्ठ सदस्य तथा विदेशी भक्त भी इसमें शामिल होंगे। हर साल रथयात्रा का आयोजन होगा। इस बात की जानकारी भक्ति वेदांता शिक्षालय तथा जगरनाथ मंदिर के डॉ० केशवानंद प्रभु ने देते हुए बताया कि इस महामहोत्सव को चौपारण की पहचान बनायेंगे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मौसीबाड़ी बिगहा स्थित हनुमत सेवा संस्थान परिसर के गढकाली मंदिर को बनाया गया है। इसका आयोजन बीस जुन से बाईस जुन तक तीन दिन तक होगा। इस दौरान भगवान को विशेष रथ में बिठाकर रस्सी से खींच कर मौसीबाड़ी पहुंचाया जायेगा। रस्सी से खींचने में एक साथ हजार श्रद्धालु शामिल हो सकते हैं। सियरकोनी मंदिर से इसकी शुरुआत होगी। रथयात्रा चतरा देवी मंडप, ब्लाक मोड काली मंडप होते हुए चौथी मोड कात्यायनी मंदिर से वापस चतरा मोड होते हुए बिगहा हनुमत मंदिर तक पहुंचेगा। लगभग चार घंटे के भगवान की इस शोभायात्रा को बेहद भव्य बनाया जायेगा। इसके अलावा तीन दिनों तक हनुमत मंदिर बिगहा में धार्मिक, सांस्कृतिक, भजन, प्रवचन का आयोजन होगा जिसमें इस्कान से जुड़े एक से बढ़कर एक धर्मगुरु लोगों को प्रेरित करेंगे। हर दिन उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा। बताया कि हरे राम हरे कृष्ण का मंत्र हर घर तक पहुंचाना है। महामहोत्सव की तैयारी को लेकर वृहद प्रचार प्रसार करने का निर्णय लिया गया है। बताया कि हजारीबाग,चतरा और कोड. रमा जिले के सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित करने का प्रयास होगा। आसपास के सभी प्रखंडों में घर घर घुमकर प्रचार किया जायेगा। इस्कान के अनेक श्रद्धालु प्रभु के इस कार्य के लिए सेवा दे रहे हैं। नौ मई को क्षेत्र के सभी पंचायत प्रतिनिधियों तथा धार्मिक सामाजिक कार्यकर्ताओं संग बैठक आहूत की गई है। महामहोत्सव की सफलता के लिए इस्कान मंदिर प्रबंधन सहित स्थानीय सभी लोगों की सहायता ली जायेगी। इस वृहद आयोजन का प्रभार मायापूर से पधारे युवा धर्मगुरु ब्रह्मचारी उज्वल सखा प्रभु को सौंपा गया है। वे बीटेक करने के बाद भगवान की भक्ति में लीन हो गए तथा सबकुछ परित्याग कर मायापूर तथा कोलकाता इस्कान मंदिर में बीते पंद्रह सालों से सेवा देते रहे। कोलकाता जगरनाथ यात्रा में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इस बार इन्हें विशेष रूप से चौपारण में रथयात्रा की बागडोर सौंपी गई है। बैठक में संजय सिंह, बिनोद सिंह, अशोक सिंह,आनंद चंद्रवंशी, दिलीप राणा, सुशांत राय, मुनेश्वर गुप्ता, राजु सिंह, कुमार राहुल, गोपीश्वर प्रभु, विश्वनाथ प्रभु, अमन प्रभु, रुपचरण प्रभु, पुरुषोत्तम केशव सहित अन्य मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## हुल दिवस को लेकर आदिवासी समाज ने बैठक की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा भारत जकात मांझी परगना महल समाज की बैठक आदिवासी उच्च विद्यालय शिलाडीह परिसर में तैयारी बैठक प्रखंड अध्यक्ष रामजी बेसरा की अध्यक्षता की व संचालन प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने किया, प्रखण्ड अध्यक्ष रामजी बेसरा, ने कहा कि आगामी 30 जून को सूर्यकुण्ड परिसर में हुल दिवस मनाया जायेगा, जिसमे बैठक में अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के गोडेत मनोतन बाबूलाल हेमरोम चुरचू प्रखण्ड के पाराणिक बाबा लालजी हेम्ब्रोम मुख रूप से उपस्थित थे मौके पर समाज के लोगों ने 30 जून 2023 को हुल दिवस को सफल बनाने में अपनी अपनी जिम्मेवारी निभाने की बात कही, वही जल जंगल और जमीन को बचाने को लेकर खास चर्चा किया गया । सचिव मनोज मुर्मू ने कहा आदिवासी समाज में फैली कुरीतियों को हम सब मिलकर दूर कर सकते हैं । झारखण्ड के सभी संथाल गांव के विद्यालयों में वर्ग तीन से पांच तक में अ०ल चिकी लिपि में पढाई होनी चाहिए। अभी के समय में बच्चों को शिक्षा देना अति आवश्यक है।इस अवसर पर बैठक में भारत जकात मांझी परगना महल के रामकुमार मुर्मू, दिनेश बासके, कनाहय बेसरा, जीबलाल मरांडी, पोखन मांझी, रामजी मांझी, दासो मुर्मू, बालेश्वर मुर्मू, मनोज टुडू, अजित टुडू, समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे

## चाणक्य आईएएस एकेडमी में नए बैच की शुरूआत 10 मई से

**अपेम लाइवः हजारीबाग**



हजारीबाग। स्थानीय कौशल्या प्लाजा स्थित चाणक्य आईएएस एकेडमी के हजारीबाग शाखा में यूपीएससी व जेपीएससी की नए बैच की शुरूआत आगामी 10 मई से होगी। उक्त जानकारी चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने दी। श्री मिश्रा ने कहा कि आगामी 10 मई से 2023 में इंटर या 10+2 पास कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए विशेष रूप से तैयार किया हुआ तीन वर्षीय अपग्रेडेड फाउंडेशन कोर्स के नए बैच की शुरुआत होने जा रही है। उन्होंने बताया कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में विद्यार्थियों की तैयारी के लिए एक आदर्श शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक व उन्नत लाइब्रेरी, अनुकूल कक्षाएं, जीडी रूम एवं डाउट क्लियरिंग कक्षाओं की सुविधा के साथ सफल अभ्यर्थियों से भी मार्गदर्शन कराए जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान की ओर से विद्यार्थियों के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चाणक्य आईएएस एकेडमी में हमेशा नई शैक्षणिक रिसर्च पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुकूल एवं बेहतर वातावरण मुहैया कराया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान के हजारीबाग शाखा में आकर नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## छड़ सीमेंट दूकान का विधायक ने किया उदघाटन, कहा इस तरह की प्रतिष्ठान खुलने से आस पास के लोगो को मिलेगी सुविधा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : बेतला नेशनल पार्क के नजदीक दुरभाष केंद्र आईटीआई के समीप कुटमू - बेतला मुख्य मार्ग में अवस्थित राजा इंटरप्राइजेज सह विक्रेता कलाम अंसारी का छड़ सीमेंट एजेंसी का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि शेखर मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काट कर किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस तरह का प्रतिष्ठान का खुलना विकास का परिचायक है।साथ ही उन्होंने कहा कि सस्ते और अच्छे दर पर भवन निर्माण संबंधित सभी सामग्री लोगों तक उपलब्ध हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि श्री मेहता ने कहा कि इस तरह का प्रतिष्ठान का खुलना क्षेत्र वासियों के लिए खुशी की बात है।साथ ही लोगों को भवन निर्माण संबंधित सभी सामग्री छड़ सीमेंट,केमिकल इत्यादि सामग्री लोगों तक उपलब्ध कराई जायेगी। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, हाजी खुर्शीद आलम,कांग्रेस जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सलाम अंसारी, पूर्व जीप सदस्य मनान अंसारी, पोखरी कलां मुखिया नीतू देवी, बेतला मुखिया मंजू देवी,कलाम अंसारी,फिरोज अंसारी, गुलाब अंसारी,समीम अंसारी, समसुल अंसारी, मनसूर आलम, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अफज़ल अंसारी,राजद के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी अलीहसन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता, शुभम् कुमार,अहमद रजा,ओम प्रकाश उर्फ छोटू, उमेश कुमार बैठा समेत काफी कई गणमान्य लोग शामील रहे ।

## बैगाही जमीन समस्या के समाधान हेतु अनुमंडल स्तरीय एक दिवसीय सभा की गई

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड प्रखंड अंतर्गत अंमवाटोली पंचायत के जरहाटोली स्थित सरना पूजा स्थल पर रविवार को प्रखंड के बैगाही जमीन की समस्याएं के समाधान हेतु अनुमंडल स्तरीय सभा का आयोजन गया ।इस सभा में विभिन्न गांव के किसान, मुण्डा एवं अन्य आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए ।बैठक में प्रखंड के सभी बैगाही जमीन जो पूर्व से समाज की है, इसके वर्तमान स्तिथि पर चर्चा कि गई ।महुआडांड़ के बैगाही भूमि पर दूसरे समाज और अन्य लोग द्वारा किये गए अवैध कब्जा हटाने के लिए सभा में आये समाजिक और जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये ।सभा को संबोधित करते हुए, जिला परिषद महुआडांड़ इस्तेला नगेसिया ने कहा कि आज जिला में हाल सर्वे (1992) लागू है, हाल सर्वे में बहुत सारी त्रुटियां हैं उसके बावजूद भी लातेहार जिला में लागू कर दिया गया। आज इसका दुष्परिणाम यह हो रहा कि बहुत भूमि गड़बड़ हुई है। पुरानी व्यवस्था किसी और के पास थी, आज हाल सर्वे में खलियान किसी और बन गया है। ऐसे में बेईमान लोग भूमि पर अपना अधिकार एवं कमजोर व्यक्ति को दबाकर कब्जा कर ले रहे हैं ।इसी तरह से बैगाही जमीन भी बहुत सारी गड़बड़ाई है। पुरानी व्यवस्था में बैगाही जमीन का कोई रसीद नहीं कटता था। वह जमीन समाज कि है। बैगा पहान द्वारा जमीन पर परंपरा अनुसार शुरू से पूजा पाठ होते आ रहा है, लेकिन हाल सर्वे में गड़बड़ी के कारण अन्य समाज एवं लोग आज ऐसी भूमि का रसीद कटवाकर बाउंड्री मारकर अवैध कब्जा किए हुए हैं। इसे लेकर अंचल एवं अनुमंडल नहीं जिला उपायुक्त लातेहार को भी आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन इसका हल निकलता नजर नही आ रहा है। इस अवसर पर दीपलाल नगेसिया, जतरा भगत पड़हा समाजिक संस्था बाहबेरवा विशुनपूर ने कहा कि सभी समाज की अपनी अपनी भूमिका लेकिन उस पर कोई अवैध कब्जा नहीं करता है। मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान और मस्जिद, हिंदू समाज के मंदिर और मंडप एवं ईसाई समाज चर्च जमीन पर कोई कब्जा नहीं करता लेकिन इस क्षेत्र के गरीब आदिवासी जो सामाजिक, आर्थिक एवं शिक्षित रूप से कमजोर है उनकी सामाजिक व्यवस्था की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया। हम इस कब्जे को हटाने की मांग करते है। मौके में पड़हा समाजिक संस्था के सूधेश उरांव, हरिया उरांव, समेत महुआडांड के प्रदीप नगेसिया, मंडलदेव नगेसिया, धनकुंवर मुंडा, अनूप मुंडा बसिद मुंडा, मुला बैंगा, महेश्वर बैंगा, रघुवर नगेसिया, प्रदीप उरांव, प्रमिला नगेसिया, सुमित्रा नगेसिया, विनीता नगेसिया, जसिन्ता नगेसिया एवं भारी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़कागांव दोमुहन श्मशान घाट का रास्ता हुआ बंद ग्रामीणों में आक्रोश

### दोमुहन श्मशान घाट की 1 एकड़ 26 डिसमिल जमीन की मापी की गई

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव में दोमुहन नदी के पास बना श्मशान घाट जाने का रास्ता विवादों में घिर गया है । विवाद का कारण यह है कि मुर्दा के दाह संस्कार के लिए श्मशान घाट जाने का रास्ता बंद कर दिया गया है। जिसका मुख्य कारण पूल का निर्माण बताया जा रहा है ।आपको बता दें कि दोमुहन नदी से चोरका तक पूल निर्माण कराया गया है जिसमें निर्माण करने वाली कंपनी के द्वारा श्मशान घाट जाने वाले रास्ते के ऊपर ही पूल बना दिया गया है। जिसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। रास्ता के समाधान के लिए समाज के कुछ प्रबुद्ध लोग और ग्रामीणों की बैठक बुलाई गई और दो अमीन रखकर श्मशान घाट के 1 एकड़ 26 डिसमिल जमीन के रकबे का मापी कर मिलान किया गया। जिसमें कुछ गैर मजरुआ जमीन किशोर महतो,विनोद कुमार और बालेश्वर महतो के कब्जे में पाई गई। इसके अलावा कुछ गैरमजरूआ जमीन पुल निर्माण मे चला गया है । समाज की बैठक में उपरोक्त तीनों व्यक्तियों से शमशान घाट जाने के रास्ते के लिए 10 फीट जमीन छोड़ने का आग्रह किया गया । रास्ते को लेकर काफी सुबह 6रू00 बजे से लेकर दोपहर 12रू00 बजे तक रास्ते के नि. राकरण में लोग लगे रहे परंतु समाधान नहीं हो पाया। इस श्मशान घाट में बड़कागांव पश्चिमी से नटराज नगर ,अशोक मोहल्ला, गोविंद डिह, दोहर नगर ,तुरी टोला बड़कागांव बाजार, नवाटाड़ समेत दर्जनों छोटे-बड़े मुहल्लों से दाह संस्कार के लिए लोग आते हैं। ग्रामीणों का कहना था कि उपरोक्त तीनों व्यक्तियों से फिर से एक बार बात किया जाएगा यदि स्वेच्छा से श्मशान घाट हेतू रास्ता दे देते हैं तो ठीक है अन्यथा समाज अपने स्तर पर आगे कदम उठाएगी । मामले को लेकर दोमुहन श्मशान घाट के रास्ते में पड़ने वाले जमीन के खाता संख्या 2215-2217 के रैयत किशोर कुमार ने कहा कि समाज मेरा जमीन जहां तक मापी कर भूमि चिन्हित कर दिया है वहां तक हमलोग अपनी जमीन स्वेच्छा से देनें के लिए तैयार हैं ,लेकिन मेरा तीन कट्ठा रैयती जमीन समाज मापी कर मुझे दें दे। वहीं खाता संख्या 2216 के एक अन्य रैयत बिहारी कुमार ने कहा कि मेरा जमीन पहले ही पुरा रोड में चला गया है समाज पहले इसका निराकरण करें तब आगे का रास्ता निकाले नहीं तो मेरा सारा जमीन ही रोड़ में चला जाऐगा कुछ भी नहीं बचेंगा इसका भी ख्याल रखा जाय। बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,समाज के मालिक लालमनी महतो , मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, राम लखन महतो, मध्य पंचायत के पूर्व मुखिया विशुन रजक आमीन जयनाथ महतो ,श्याम सुंदर महतो, बैजनाथ महतो ,शंकर दयाल महतो ,धनिक लाल महतो, दीपक कुमार ,रंजन कुमार ,धर्मनाथ महतो, बुद्धना माहतो के अलावा कई गणमान्य लोग एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



## भक्तिमय हुवा चौपारण, बेन्दुवारा, ककरौला, चक व गोशला में निकला भव्य कलश यात्रा

### यज्ञ अशुद्धियों को दूर करता है और वातावरण का शुद्धिकरण करता है : मनोज यादव







**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

रविवार का दिन चौपारण के लिए भक्ति का दिन रहा। प्रखण्ड के चार स्थान पर महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमे झापा पंचायत का बेन्दुवारा, पडरिया पंचायत के ककरौला, बच्छई पंचायत के चक व बहेरा पंचायत का गोशला गांव सम्मिलित है। यज्ञ का उत्साह पूरे प्रखण्ड को भक्तिमय कर दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि आज पूरे चौपारण क्षेत्र में भक्ति का बयार बह रहा है। कहा यज्ञ आयोजन से अशुद्धियां को दूर करता है और वातारण का शुद्धिकरण होता है।

**1001 कलश के साथ बेन्दुवारा में निकला भव्य कलश यात्रा,**

झापा पंचायत के बेन्दुवारा में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ देवी सह भास्कर प्राण प्रतिष्ठा के कलश यात्रा में भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव व भाजपा जिला महामंत्री मुख्यपूजारी बने है। कलश यात्रा में मुख्यरूप से बरही विधायक अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राजेन्द्र चंदवंशी, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, जीप सदस्य राकेश रंजन, रवि अकेला यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष रा. जदेव यादव, समाजसेवी अरविंद सिन्हा, सहित सैकड़ों लोग। इससे पहले यज्ञ समिति अध्यक्ष नकुलदेव रजक, सचिव सुशील साहू, कोषाध्यक्ष राकेश साहू आदि ने अतिथियो को भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया।

**यादव नगरी ककरौला में उत्साहित दिखे युवा, 501 कलश धारी शामिल**

पडरिया पंचायत के ककरौला में आयोजित श्री श्री 108 मानस हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के कलश यात्रा में 501 कलश धारी युवतियां महिलायें शामिल हुई। कलश यात्रा ककरौला हनुमान मंदिर से निकलकर पडरिया, कठम्बा होते हुए जागोडीह टाल पहुँचा जहां यज्ञ आचार्य दिवाकर पांडेय ने जलभरणी का कार्य सम्पन्न कराया। यज्ञ समिति अध्यक्ष बाल किसुन यादव, सचिव राजकिशोर यादव, कोषाध्यक्ष मनोज यादव सक्रिय संजय यादव, मुकेश यादव, मनोज यादव, राम यादव, आकाश यादव, सुखदेव यादव, सरयू यादव, लखन यादव, राजेश यादव, रामशीष यादव, घनश्याम यादव आदि ने अतिथियो को भगवा वस्त्र देकर समान्नित किया। कलश यात्रा में युवा उत्साहित दिखे। कलश यात्रा में वर्तमान व पूर्व विधायक के अलावे कई राजनीतिक व सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

**चक में भक्ति का बहा बयार, तीसरे वार्षिकोत्सव का शुभारंभ**

बच्छई पंचायत के चक में आयोजित शिव परिवार महायज्ञ सह वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुवा। कलश यात्रा में मुख्यरूप से बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, स्थानीय मुखिया बिरेन्द्र रजक, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव आदि शामिल हुए। चक स्थित शिव मंदिर से 501 कलश के साथ निकले कलश यात्रा ओबरा होते हुए बराकर नदी पहुंचा। यज्ञ समिति अध्यक्ष सहदेव यादव, सचीव अशोक राणा, कोषाध्यक्ष पप्पू राणा ने बताया कि प्रति संध्या में गिरीडीह की सुप्रसिद्ध कथा वाचिक द्वारा मधुर वाणी से कथा का रसपान किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में प्रमोद राणा, नंद किशोर यादव, गंगा यादव, महेंद्र राणा, सुरेन्द्र यादव, उदय यादव, रमेश यादव, मंटू यादव, शम्भू राणा आदि महती भूमिका निभा रहे है।

**गोशाला में निकला कलश यात्रा, पूर्व विधायक हुए सम्मिलित**

बहेरा पंचायत के गोशला में आयोजित नौ दिवसीय महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुवा। कलश यात्रा में बड़ी सख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा। बतौर मुख्यातिथि के रूप में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, सियाराम सिंह, रामचन्द्र सिंह, सतेंद्र सिंह, मनोज मिश्रा, अरुण पांडेय सहित अन्य शामिल हुए।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित,
एडिटिंग- सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार